**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं०सं०:– 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.......965......

प्रेषक,

**जय सिंह, भा०प्र०से०**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**Project Manager,**
IIC Technologies Limited,
Bihar, Patna

**Project Manager.**
IEISL (IL&FS)
Bihar, Patna.

**Project Manager,**
GIS Consortium,
Bihar, Patna

पटना, दिनांक :– 28-04-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया में प्रक्रमवार आपूर्ति किए जानेवाले मानचित्रों के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अन्तर्गत हवाई सर्वेक्षण एजेंसियाँ द्वारा प्रक्रमवार आपूर्ति किए जानेवाले मानचित्रों की समीक्षा दिनांक– 17.03.2022 एवं 29.03.2022 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से की गई। इसके उपरांत आपके पास लंबित मानचित्रों की स्थिति निम्नवत् पायी गयी– (i) IIC- 1285 (ii) GISC- 213 (iii) IEISL- 68। लंबित मानचित्रों में सबसे अधिक ग्राम सीमा सत्यापन पश्चात् अपडेट कर आपूर्ति किए जानेवाले 1077 मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के पास लंबित थे।

दिनांक– 27.04.2022 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा आपके साथ की गई बैठक में आपके स्तर से बन्दोबस्त कार्यालयों को आपूर्ति किए जानेवाले लंबित मानचित्रों की स्थिति निम्नवत् पाई गई:– (i) IIC- 1399 (ii) GISC- 186 (iii) IEISL - 91। लंबित मानचित्रों में सबसे अधिक ग्राम सीमा सत्यापन पश्चात् अपडेट कर आपूर्ति किए जानेवाले 1399 मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के पास लंबित पाए गए।

उपर्युक्त स्थिति से स्पष्ट है कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार अपडेट कर आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं किए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण बन्दोबस्त का कार्य बाधित हो रहा है। अतः दिनांक– 27.04.2022 को हुई बैठक में विमर्शोंपरांत निर्णय लिया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य की गति को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि इस विशेष परिस्थिति में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मानचित्र अपडेशन का कार्य एवं विशेष सर्वेक्षण शिविरों द्वारा किस्तवार का कार्य साथ–साथ किया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि ग्राम सीमा सत्यापन के लिए हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के स्तर पर लंबित मानचित्रों की एक स्वच्छ प्रति अलग से मुद्रित कर विशेष सर्वेक्षण शिविरों को उपलब्ध करा दी जाए ताकि शिविर द्वारा उस मानचित्र पर किस्तवार का कार्य किया जा सके। किस्तवार उपरांत मानचित्रों को हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा ग्राम–सीमा एवं किस्तवार प्रक्रम के कार्य को एक साथ अपडेट कर विशेष सर्वेक्षण शिविरों को वापस किया जाए, जिस पर शिविरों द्वारा खानापुरी का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि ग्राम सीमा सत्यापन पश्चात् अपडेशन के लिए जो भी मानचित्र आपके पास लंबित है, उनकी स्वच्छ प्रति अलग से मुद्रित कर बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 28/4/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.....965..... पटना, दिनांक 28-04-2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प० चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.....965..... पटना, दिनांक 28-04-2022

प्रतिलिपिः– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.....965..... पटना, दिनांक 28-04-2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.....965..... पटना, दिनांक 28-04-2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण–IIC Technology-31/2018.....965..... पटना, दिनांक 28-04-2022

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
28/4/22

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\director\file no_31_2018_28.04.2022.doc